1.Sri Aurovindo] Bankim] Tilak] Dayananda] pp-57] 3rd 2.यजु. संहिता, ३३.४३ । 3. छान्दोग्योपनिषद्, ३.११.१–३ । 4.ऋक्.संहिता, ८.१४.५ । 5.तत्र, ...१.५ । 6."सूर्य एकाकी चरति चन्द्रमा जायते पुनः।अग्निर्हिमस्य भेषजं भूमिरावपनं महत्।।ऋग्वेदभाष्यभूमिका । 7.यजुर्वेदः, १२.२४ 8.तत्र, १२.२५ । 9.ऋग्वेदः, १०.८२.३ । 10.तत्र, २.२.६ । 11. तत्र, ३.१.७ । 12.तत्र, २.२.६ । 13.तत्र, २.२.७ । 14.तत्र, ८.१६.७ । 15.तत्र, ८.६१.७ । 16.अथर्ववेदः, ६.४७.१ । 17.ऋग्वेदः, १.५६.१ 18.तत्र, १.५६.७ । 19.तत्र, २.११.५.३.१–५ । 20.तत्र, २.१.४–६,११ 21.यजुः,१५.३३.३४ । 22.ऋग्वेदः, १.५६.११–१२ । 23.तत्र, १.४४.१३ । 24.शतपथब्राह्मणं, ७.३.१.२६ । 25.यजुर्वेदः, ३.१०.१ । 26. ऋग्वेदः, ३.२६.२ । 27.यजुर्वेदः, ११.३२ । 28.ऋग्वेदः, ६.१६.१३ । 29.तत्र, ८.३.२३ । 30.यजुर्वेदः, १२.१८ । 31.तत्र, १७.६ । 32. अथर्ववेदः, ३.२१.७ ।

2.समकालीन हिन्दी कहानी में पुलिस और मानवाधिकार–

डॉ. विष्णु तंकप्पन

सहायक आचार्य,

पय्यन्नूर कॉलेज, पय्यन्नूर, केरला

पुलिस को नागरिकों के अधिकारों के रक्षक एवं उनके सेवक के रूप में पहचाना जाता है। जैसे कि पुलिस को कुछ विशेष अधिकार प्राप्त हैं, जिनको मौके और वारदातों के अनुसार प्रयोग किए जाते हैं। लेकिन इन अधिकारों का प्रयोग करते हुए पुलिस अपनी निर्धारित सीमा का उल्लंघन करते दिखाई देती हैं। ऐसे अवसर पर पुलिस पर कई आरोप उठाये जाते हैं। आज नागरिकों की रक्षा के लिए दिए गए अधिकारों का पुलिस द्वारा गलत इस्तेमाल हो रहा है। "कानून पुलिस को सी.आर.पी.सी. की धारा 46 के अनुसार कुछ निश्चित परिस्थितियों में लोगों को गिरफ्तार करने और यदि आवश्यक हो तो ऐसा करने के लिए बल प्रयोग का अधिकार देता है।"1 लेकिन इस प्रकार गिरफ्तारी और निरोध से युक्त व्यक्ति के भी कुछ हक और अधिकार याने मानवाधिकार होते हैं जिनका सम्मान करना भी पुलिस का दायित्व है। दुर्भाग्य है कि आज हमारे देश में अधिकाँश का उल्लंघन हो रहा है। नागरिकों को संकट में सहायता देने के बजाय पुलिस नियमों का उल्लंघन करके अत्याचार करने पर तुली है। अगर केरल की पुलिस व्यवस्था पर थोड़ा नजर डाले तो समान स्थिति नजर आएगी। "सन 2010 और 2015 के बीच केरल के पुलिस कर्मियों में 700 के खिलाफ क्रिमिनल केस फायल किया गया था। लेकिन आज इसकी संख्या 933 बन गयी है। इनमें 675 हवलदार है, 2 डि.आई.जी., 16 डी.वाई.एस.पी., 72सी.आई., 62 एस.आई., 82 ए.एस.आई. भी मौजूद है।"2 अपनी निजी मतलब के लिए आज वह गरीबों, मजदूरों, महिलाओं और अल्पसंख्यकों पर अत्याचार कर रही है। वर्दी के बलबूते पर वह बेकसूरों को गोली मारती है, महिलाओं का बलात्कार करती है, गरीबों को मार–पीटकर जुर्म कबूल करवाती है, गवाहों को डराती है। यह सब वह पूँजीपति, अमीर राजनीतिक नेताओं के लिए करती है या तो निजी स्वार्थ के लिए। पुलिस मानो एक दमनकारी ताकत के रूप में अपनी सालिम बल प्रयोग की हदें पार करती हुई नजर आती है। विश्व के सबसे बड़े लोकतंत्र में जनता के अंतर पुलिस का खौफ इस कतर जारी है कि एक हमदर्द और न्यायपरायण पुलिस का सपना वाकई खाबों सा दूर लगता है। समकालीन कहानीकारों ने पुलिस

Scanned with CamScanner

Peer Reviewed Half Yearly Research Journal
ISSN 2249 - 2844 ANUSEELAN

अनुशीलन

गाँधी चिन्तन और साहित्य

वर्ष–53, अंक–46

प्रधान संपादक
प्रो. (डॉ.) के. अजिता
संपादक
डॉ. गिरीश कुमार के.के.

हिन्दी विभाग
कोच्ची विज्ञान व प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय
कोच्ची - 682 022
जनवरी, 2022

Scanned with CamScanner

5. महात्मा गाँधी : युग की माँग

डॉ. विष्णु तंकप्पन
सहायक आचार्य, हिन्दी विभाग,
पय्यन्नूर कॉलेज, कण्णूर विश्वविद्यालय

सन् 2013 में गाँधी स्मृति एवं दर्शन समिति, नयी दिल्ली में 'मलयालम में गाँधी' विषय पर एक संगोष्ठी में भाग लेने और प्रपत्र प्रस्तुत करने का अवसर मिला था। प्रपत्र प्रस्तुति की तैयारी के सिलसिले में महात्मा गाँधी से संबंधित पुस्तकें और उनके जीवन से जुड़ी अनेक घटनाओं से गुज़रने का अवसर मिला। इस प्रकार विद्यार्थी जीवन में पहली बार गाँधीवादी विचारधारा को गहराई से समझने लगा। स्त्री, समाज, धर्म, लोकतंत्र, राजनीति, संस्कृति आदि पर गाँधी जी का विचार काफी महत्वपूर्ण रहा। वर्णव्यवस्था से संबंधित उनके विचार को लेकर काफ़ी वाद-विवाद हुए। उनके वर्ण व्यवस्था संबंधित विचारों से श्रीनारायण गुरु, डॉ. अम्बेडकर जैसे महारथ सहमत नहीं थे। फिर भी गाँधी जी के सभी भारतीय चिंतन आज भी प्रासंगिक हैं। उनके अहिंसा संबंधी दृष्टिकोण को विश्वस्तर पर मान्यता मिली। संयुक्त राष्ट्र (UN) द्वारा गाँधी जी के जन्म दिन को (अक्टूबर-2) विश्व अहिंसा दिवस घोषित करना इसका प्रमाण है। अब दुनिया के विभिन्न विश्वविद्यालयों में गाँधी दर्शन का एक विषय के रूप में अध्ययन हो रहा है। इसके अलावा दुनिया की सैकड़ों भाषओं में गाँधीवाद पर केन्द्रित रचनाएँ हुईं। इससे साफ़ जाहिर है कि गाँधी जी की मृत्यु के उपरांत कई दशकों के गुज़र जाने के बाद भी विश्व जनता के मन में उनके प्रति जो श्रध्दा और भक्ति है उन में ज़रा सा भी आँच नहीं आया है। लेकिन वर्तमान भारत में कई भ्रष्ट नेता, राजनीतिक दल और संगठन स्वार्थ लाभ के लिए गाँधी जी को अपनी विचार धाराओं से जोड़ने का प्रयास करते रहते हैं। गाँधी जी के भारतीय चिंतन को गलत परिभाषा देकर उनको भारतीय जनमानस के समक्ष एक गलत छवि प्रदान करने के पीछे निश्चय ही स्वार्थ लक्ष्य है।

वर्तमान समय अनेक विसंगतियों से गुज़र रहा है। देश आज कई चुनौतियों का सामना कर रहा है जैसे धार्मिक भेदभाव, दलित शोषण, नारी शोषण आदि। दरअसल गाँधी जी के पास उपर्युक्त हर समस्या का हल था। इसलिए वर्तमान संदर्भ में जनता पर गाँधी जी के विचारों का प्रभाव निश्चय ही अध्ययन का विषय है।

गाँधी जी बचपन में पूर्ण रूप से मामूली दर्जा के व्यक्ति थे। अपने विद्यार्थी जीवन

Scanned with CamScanner

ISSN 2231-6191

जन विकल्प

16

हिन्दी उपन्यास-2 : 2001-2022

विकल्प, तृशूर

Scanned with CamScanner

डॉ. विष्णु तंकप्पन

भारत में चुनाव को सुचारू ढ़ंग से चलाने के लिए निर्वाचन आयोग पहले से कायम था। लेकिन निर्वाचन आयुक्त के रूप में टी.एन. शेषन की नियुक्ति के बाद ही चुनाव प्रणाली में काफी सुधार आया है। वे जब भारतीय निर्वाचन आयोग के नेतृत्व में आये तब भारतीय लोकतंत्र अपने इतिहास की सबसे बड़ी चुनौतियों का सामना कर रहा था। उन्होंने खुद अपनी आत्मकथा *A Heart Full of Burden* में भारतीय चुनावों को 'दुनिया का आठवा अजूबा'[1] कहा। उन्होंने चुनाव सुधार के लिए सख्त कदम उठाया। इसमें मतदान पहचान पत्र लागू करना ऐतिहासिक कदम था, इसी तरह उन्होंने कई चरणों में चुनाव चलाये, उम्मीदवारों के चुनाव खर्चा को कम किया। इस प्रकार सदी के अंतिम दशक भ्रष्ट लोकतांत्रिक प्रणालियों को एक हद तक सुधारने की कोशिश की। इसके तहत एक हद तक नागरिकों को लोकतांत्रिक प्रणाली में तटस्थ रूप से भागीदार होने का मौका मिला। लेकिन भ्रष्टाचार के चंगुल से भारतीय लोकतंत्र मुक्त नहीं हो पाया। एक और चुनाव आयोग के प्रयत्न के तहत कई बेहतरीन नियमों और चुनाव प्रणालियों का कार्यान्वयन हुआ, दूसरी तरफ स्वार्थ लाभ के लिए इन नियमों के दुरुपयोग का षडयंत्र भी रचा गया। चुनाव जीतने के लिए राजनीतिक नेतृत्व अब बिलकुल नए तरीकों को अपनाया जा रहा है। उसके लिए अब जाली वोट और बूथ कैप्चरिंग की ज़रूरत नहीं। बल्कि जनता को गुमराह करके उनकी सोच और बुद्धि पर प्रभाव डालकर मतदान को अपने पक्ष में करने की अद्‌भुत ताकत अब उनके पास है। अगर उन्हें कोई खतरा है तो वह केवल विपक्षी स्वरों का है। लेकिन इन विपक्षी स्वरों को दबाने के लिए सत्ता कई प्रकार के षडयंत्र करती है। राष्ट्र द्रोह कानून इसका सशक्त उदाहरण है। भ्रष्ट राजनीतिक नेतृत्व राष्ट्र द्रोह कानून का गलत फायदा उठाकर प्रस्तुत कानून (Section 124 A) के ज़रिये विपक्षियों को अपने रास्ते से हटाते हैं। इस कानून के व्यापक दुरुपयोग के कारण सुप्रीम कोर्ट ने इस कानून को अब स्थगित किया है। लेकिन सत्ता अपने विपक्षियों को कुचलने के कार्यक्रम में कोई खास परिवर्तन नहीं लाई है। बल्कि वे समय के अनुसार नए तरीकों की खोज में है। उमाशंकर चौधरी के *अन्धेरा कोना* उपन्यास में विपक्षी स्वरों को मिटाने के लिए सत्ता के षडयंत्रों और महिला आरक्षण के नाम पर होने वाले नाटकों पर कटु व्यंग्य किया गया है। उपन्यास एक हद तक जादुई यथार्थवादी शैली के नज़दीक है। फिर भी वर्तमान भारत के यथार्थ के काफी निकट है।

Scanned with CamScanner

'सदाचार का तावीज़' कहानी में भ्रष्टाचार

डॉ.विष्णु तंकप्पन

हिन्दी के वरिष्ठ साहित्यकार हरिशंकर परसाई का साहित्य में पदार्पण अपनी अलग शैली को लेकर हुआ था। पिछले कई सालों से उनके जन्मदिन पर साहित्यिक प्रेमी उनकी रचनाओं पर कई साहित्यिक कार्यक्रम आयोजित करते रहते हैं। उनकी जन्मशताब्दी भी बहुत निकट है। इसलिए निश्चय ही उनका साहित्य, चर्चाओं के केंद्र में आनेवाला है। हिन्दी साहित्य में व्यंग्य को एक विधा के रूप में प्रतिष्ठित करने में उनका योगदान महत्वपूर्ण है। इसलिए परसाई पूरे हिन्दी साहित्य में 'व्यंग्य सम्राट' के नाम से विख्यात हुए। हिन्दी साहित्य में भारतेंदु युग से ही व्यंग्य का स्पष्ट प्रभाव था। लेकिन साहित्य में उसे ऊँचा स्थान देकर प्रतिष्ठित करने का श्रेय परसाई को ही जाता है। उन्होंने अपनी स्वतः सिद्ध शैली में प्रभावशाली ढंग से व्यंग्य का प्रयोग किया तथा शैली मात्र से एक विधा के रूप में उसकी प्रतिष्ठा की। संक्षेप में कहा जाए तो भारतेंदु और द्विवेदी युग के बाद व्यंग्य के प्रयोग में सबसे ज्यादा सफलता परसाई ने ही पायी।

सामाजिक कुरीतियों और भारतीय लोकतंत्र में व्याप्त अडचनों को सुधारने के लिए उन्होंने एक सशक्त माध्यम के रूप में व्यंग्य को अपनाया। उनके ही शब्दों में कहा जाए तो 'व्यंग्य जीवन से साक्षात्कार करता है, जीवन की आलोचना करता है, विसंगतियों, मिथ्याचारों और पाखंडों का पर्दाफ़ाश करता है। यह नारा नहीं है, मैं कह रहा हूँ कि जीवन के प्रति व्यंग्यकार की उतनी ही निष्ठा होती है, जितनी

नारियों के जीवन पर प्रकाश डाला है। उनकी जीवन यात्रा को देखकर ऐसा लगता है कि यह केवल उनकी कहानी नहीं है, संसार की कई दलित महिलाओं की कहानी है। आप अंत तक जीवन में संघर्ष करती रही हैं, यही प्रेरणा वर्तमान काल में जीनेवाली कई दलित महिलाओं के पथ-प्रदर्शन का काम करती है। इसमें उन्होंने असफल प्रेमविवाह, टूटता परिवार, जातिगत संस्कार, आचार, व्यवहार, आर्थिक दयनीयता, सामाजिक जन-आंदोलन, शिक्षा के प्रति आकर्षण, उच्च वर्ग द्वारा होनेवाले शोषण आदि प्रश्नों को स्वानुभावों के आधार पर चित्रित किया है। दलित महिलाओं के शोषण को कई कोणों से देखने का जो यशस्वी प्रयास कौसल्या जी ने किया है, अत्यंत प्रशंसनीय है।

सहायक प्राध्यापक,
हिन्दी विभाग,
भारत महाविद्यालय, जेऊर (म.रेल), तहसील-करमाळा, जिला-सोलापुर (महाराष्ट्र)।

UGC listed
List ID No : 305
Saoghatha
Scanned with CamScanner

3.3.1 RESEARCH ARTICLES IN JOURNAL

Dr. N M SREEKANTH
ASSISTANT PROFESSOR,
UG AND RESEARCH DEPARTMENT OF HINDI,
PAYYANUR COLLEGE, PAYYANUR.

नूतनवाग्धारा
संकल्पक्रम
स्वकर्मनिरतः सिद्धिं

ISSN 0976-092X

साहित्य-संस्कृति के संकल्पक्रम की भाषापरक शोध-संदर्भ (Peer Reviewed) पत्रिका

नूतनवाग्धारा

नूतनवाग्धारा

संयुक्तांक 34-36, वर्ष : 11 (दिसम्बर, 2018)

यह अंक......

कालिकट विश्वविद्यालय, केरल से....

नूतनवाग्धारा

आग, जो शीतल करे, किंतु ठंडी न हो !!!

संपादक : डॉ. अश्विनीकुमार शुक्ल

अतिथि संम्पादक : डॉ. प्रमोद कोवप्रत

भारतीय समाज में स्त्री-पुरुष संबंधों के अंतर्द्वंद्व

डॉ. एन. एम. श्रीकांत*

'स्त्री' शब्द का प्रयोग होते ही बहुत सारे विशेषण हमारे सामने आ जाते हैं- कोमल, दयावान, सहनशील, देवी, माँ, आँसू, पवित्रता, नीच आदि। स्त्री वह है, जो क्षमा से भरपूर हो, जो कुछ भी सहने की क्षमता रखती हो। वहीं पर 'पुरुष' शब्द का प्रयोग किया जाए, तो कठोर, क्रूर, बलशाली, श्रेष्ठ, अधिकार जमाने वाले, साहसी, योद्धा की छवि उभरती है। किसने दिया होगा इनको यह विशेषण? क्या सच में स्त्री और पुरुष इन्हीं विशेषणों के हकदार हैं? समाज, संस्कृति और परिवार सबके मूल में दो प्रमुख घटक हैं- स्त्री एवं पुरुष। समाज को समझने के लिए स्त्री और पुरुष को समझना अनिवार्य है। समाज में, संस्कृति में, परिवार में इनका क्या स्थान है यह जानना आवश्यक है। हाँ, यह बात भी सच है कि प्रकृति ने स्त्री और पुरुष को अलग-अलग रूप और वैशिष्ट्य दिया है। लेकिन ऊपर वर्णित शब्द मनुष्य द्वारा ही गढ़े गए हैं, जिसे आज हम स्त्रीत्व या पुरुषत्व कहते हैं। वह मनुष्य समाज द्वारा निर्मित विशेषता ही है।

स्त्री के संदर्भ में बताते हुए प्रसिद्ध फ्रेंच लेखिका सिमोन लिखती हैं- *स्त्री पैदा नहीं होती, बल्कि उसे बनाया जाता है।*[1] स्त्रियों को समाज, संस्कृति एवं परिवार मिलकर विशेष ढंग से रूपायित करते हैं। उसे उसकी वास्तविकता से दूर कर दिया जाता है। उसे बिंदी लगाने, माला पहनने, बाल बढ़ाने, काजल लगाने, खाना बनाने, पति एवं बच्चों की देखभाल करने के लिए प्रशिक्षण दिया जाता है। उसे मादा से स्त्री में ढाला जाता है। पर इस संदर्भ में यह भी गौरतलब है कि पुरुष भी पैदा नहीं होता, बल्कि उसे भी बनाया जाता है। उसे पुरुष बनना सिखाया जाता है, प्रशिक्षण दिया जाता है कि पुरुष को रोना नहीं चाहिए, उसका दिल पत्थर जैसा होना चाहिए। सुधा अरोड़ा लिखती है- *जिस तरह लड़की पैदा नहीं होती, उसे बनाया जाता है, वैसे ही लड़का भी पैदा नहीं होता, उसे बचपन से ही ठोंक-पीटकर लड़का बनाया जाता है। वह रोये तो उसके आँसू छीन लिए जाते हैं- क्या लड़कियों की तरह रोता है।*[2] ऐसे ही प्रश्न खाने से लेकर कपड़ों तक खड़े किए जाते हैं, जिससे उसके अहं को चोट पहुँचती है। बच्चों के मन में लड़की, लड़कों का भेद नहीं होता, लेकिन जैसे-जैसे वे बड़े होते जाते हैं उनको उसके माता-पिता, अध्यापक, समाज सब मिलकर स्त्री-पुरुष के खेमों में विभाजित कर देते हैं। इससे वे एक-दूसरे के पूरक बनने के बदले एक-दूसरे के प्रतिद्वंद्वी बन जाते हैं। मार्च, 2014 में कथादेश में प्रकाशित अपने लेख 'विमर्श से परे : स्त्री और पुरुष' में सुधा अरोड़ा लिखती हैं- *माना कि प्रकृति ने स्त्री और पुरुष की जैविक संरचना में आधारभूत अंतर रखा है पर प्रकृति ने जिस अंतर को एक दूसरे के पूरक के रूप में गढ़ा है, हम उसे ठोक-पीटकर दो परस्पर प्रतिद्वंद्वी या विपरीत खेमों में बदल देते हैं। दोनों युद्धरत पक्ष ताउम्र सींग लड़ाते आपस में लहूलुहान होते रहते हैं या एक फुंफकारता है और दूसरा अपने बचाव में आड़ लेता उम्र गुजार देता है।*[3]

किसी भी समाज में जिस प्रकार व्यक्ति-व्यक्ति का परस्पर सहयोग होना आवश्यक है वैसे ही स्त्री और पुरुष का परस्पर सहयोग होना भी आवश्यक है। इनके बीच यदि सहयोग नष्ट हो जाता है तो समाज में भी विखंडन की स्थितियाँ पैदा हो जाती हैं। कार्ल मार्क्स के अनुसार- *व्यक्ति का व्यक्ति से प्रत्यक्ष, प्राकृतिक और आवश्यक रिश्ता स्त्री से पुरुष का रिश्ता है। इस प्राकृतिक प्रजातीय रिश्ते में प्रकृति से मनुष्य का रिश्ता तत्काल मनुष्य से उसका रिश्ता बन जाता है। ठीक उसी तरह जैसे मनुष्य से उसका रिश्ता तत्काल प्रकृति से उसका रिश्ता बन जाता है- जो उसकी अपनी प्राकृतिक मंजिल है।* स्त्री और पुरुष का संबंध एक आवश्यक रिश्ते के रूप में देखा गया है। स्त्री-पुरुष संबंधों को परखने से हम मानव-विकास के सभी पहलुओं से परिचित हो सकते हैं।

स्त्री-पुरुष संबंधों के इतिहास पर नजर डालने से पता चलता है कि पुरुष कितना विजयी भाव से आगे बढ़ा है, और साथ ही किस प्रकार वह सब पर अपना आधिपत्य स्थापित करता आया है। हालाँकि दोनों ने सफर की शुरुआत साथ-साथ की थी। पर पुरुष ने जब उत्तराधिकार और निजी संपत्ति की अवधारणा के चलते स्त्री को

आंतरराष्ट्रीय बहुभाषिक शोध पत्रिका

प्रिंटिंग एरिया

Printing Area International Interdisciplinary Research Journal in Marathi, Hindi & English Languages

June 2021, Issue-03, Vol-01

अतिथि संपादाक :

१. डॉ. राठोड अनिलकुमार

२. डॉ. शिवशेट्टे गोविंद

३. डॉ. भगवान कदम

४. डॉ. शिंदे प्रकाश

५. डॉ. शेख मुखत्यार

६. डॉ. वारले नागनाथ

७. डॉ. यशवंतकर संतोषकुमार

"Printed by: **Harshwardhan Publication Pvt.Ltd.** Published by **Ghodke Archana Rajendra** & Printed & published at Harshwardhan Publication Pvt.Ltd.,At.Post. Limbaganesh Dist,Beed -431122 (Maharashtra) and Editor **Dr. Gholap Bapu Ganpat.**

Reg.No.U74120 MH2013 PTC 251205

Harshwardhan Publication Pvt.Ltd.

At.Post.Limbaganesh,Tq.Dist.Beed

Pin-431126 (Maharashtra) Cell:07588057695,09850203295

harshwardhanpubli@gmail.com, vidyawarta@gmail.com

All Types Educational & Reference Book Publisher & Distributors / www.vidyawarta.com

इसी रामसिंह के पास राणा पढ़ाई पूरी करता है। रामसिंह की बेटी अल्मा पढ़ी–लिखि है। राणा अल्मा की ओर आकर्षित् होता है। बाद में उसे पता चलता कि रामसिंह पुलिस का दलाल है। बाद में उसे भी मारा जाता है। पिता की मृत्यु के पश्चात अल्मा की गत हो जाती है। रामसिंह ने अल्मा को दुर्जनसिंह के यहाँ गिरवी रखा था। कबूतरा जाति के स्त्री को गिरवी रखा जाता है। दुर्जनसिंह ने अल्मा को सुरजभान को बेचा था। सुरजभान नेता तथा बड़े अफसरों को लडकियाँ बेचने का काम करता था। किसी नेता के लिए अल्मा को कमरें में बंद किया था। वह धीरज की सहायता से भाग जाती है। इधर राणा भी विक्षिप्त हो जाता है। अल्मा श्रीराम शास्त्री के पास पहुँच जाती है। वह पहले गुंडा ही था अब समाज कल्याण मंत्री बन गया है। अल्मा स्वयं को श्रीराम शास्त्री को समर्पित हो जाती है। एक दिन श्रीरामशास्त्रीकी मौत की खबर आ जाती है। अल्मा उत्तर अधिकारी बन जाती है। बेटा पिता का उत्तर अधिकारी बनता है, परंतु यहाँ पत्नी ही पति की उत्तर अधिकारी बन जाती है।

संक्षेप में अल्मा कबूतरी मैत्रेयी पुष्पा की एक सशक्त रचना है। लेखिका यहाँ यह बताना चाहती है कि भारत में आज भी अनेक ऐसी जनजातियाँ है जो शिक्षा से वंचित है। भारतीय समाज में स्त्री चाहे उच्चवर्गीय हो या निम्नवर्गीय उसका शोषण किया जाता है। भारत में अनेक जनजातियाँ है जिनके पास जीवीकोपार्जन का साधन नहीं है। ऐस समाज की नारीयाँ अपने देह का व्यापर करती है। 'अल्मा कबूतरी' में कदमबाई, भूरी अल्मा आदि पात्र है। कदमबाई एक बेसहारा औरत के रूप में चित्रित हुई है। उसके साथ मंसा छलकपट करता है। वह राणा को जन्म देती है। उसकी परवरिश करती है। उसकी पढ़ाई के लिए मंसा का सहारा लेती है परंतु अपने परिवार का हिस्सा नहीं बनाती है। दूसरे भाग में अल्मा की कहानी है। वह परिस्थिति का सामना करते हुए आगे बढ़ती है। उसका शोषण किया जाता है। फिर भी वह आगे बढ़ती है। अनेक समस्याओं से घिरी हुई नारी है। फिर भी वह अग्रेसर होती है और बाद में अपने पति की उत्तर अधिकारी बनती है। मैत्रेयी के यहाँ नारी जीवन समस्याओं का उद्घाटन किया है साथ ही समाधान भी बताया है। अल्मा कबूतरी स्त्री संघर्ष की गाथा है। सदियों से स्त्री को भोगनी पड़ी है। उपन्यास में आरंभ से लेकर अंत तक स्त्री संघर्ष को चित्रित किया है।

50

सुरेंद्र वर्मा एवं गिरीश कर्नाड के नाटकों में स्त्री–पुरुष संबंधों के अंतर्द्वंद्व

Dr. N. M Sreekanth
Asst. Professor, Dept. of Hindi,
Payyanur College, Payyanur

****

स्त्री–पुरुष का संबंध प्रकृति का नैसर्गिक एवं जटिल संबंध है। उनके संबंधों पर विचार किए बिना समाज में समानता स्थापित करना संभव नहीं। स्त्री एवं पुरुष के संबंधों पर आज समाज, साहित्य तथा मानव जीवन से जुड़े हर स्तर पर चर्चा की जाने लगी है। साहित्य समाज से संबंधित है। इसलिए समाज की समस्याएँ साहित्य में भी प्रतिबिंबित होती रही हैं, और होती रहेंगी। ''साहित्य वहाँ की जनता की चित्तवृत्ति का संचित प्रतिबिंब होता है।'' उत्तर आधुनिक समय में भारतीय समाज अनेकानेक परिवर्तनों से गुजर रहा है। स्त्री–पुरुष संबंधी मान्यताओं में भी कई बदलाव देखे जा रहे हैं। स्त्री एवं पुरुष अपने–अपने स्तर पर स्वत्व की पहचान करने में व्यस्त हैं। दोनों के बीच अपनी अस्मिता को स्थापितकरने के क्रम में अनेक प्रकार के द्वंद्व जन्म ले रहे हैं। मार्च २०१४ में कथादेश में प्रकाशित अपने लेख 'विमर्श से परे : स्त्री और पुरुष' में सुधा अरोड़ा लिखती हैं– ''माना कि प्रकृति ने स्त्री और पुरुष की जैविक संरचना में आधारभूत अंतर रखा है पर प्रकृति ने जिस अंतर को एक दूसरे के पूरक के रूप में गढ़ा है, हम उसे ठोक–पीटकर दो परस्प र प्रतिद्वंद्वी या विपरीत खेमों में बदल देते हैं। दोनों युद्धरत पक्ष ताउम्र सींग लड़ाते आपस में लहूलुहान होते रहते हैं या एक फुंफकारता है और दूसरा अपने बचाव में आड़ लेता उम्र गुजार देता है।'' दोनों ही संबंधों की आस्था और विश्वास खोते जा रहे हैं। पितृसत्तात्मक समाज के परिणामस्वरूप स्त्री इससे

Indexed Journal
Refereed Journal
Peer Reviewed Journal

www.hindijournal.com
ISSN: 2455-2232

Volume: 7 **Issue: 5** **Year: 2021**

International Journal of Hindi Research



Published By
Gupta Publications
Journal List : www.newresearchjournal.com

International Journal of Hindi Research

Indexed Journal, Refereed Journal, Peer Reviewed Journal

ISSN: 2455-2232, Impact Factor: RJIF 8

Publication Certificate

This certificate confirms that **"एन एम श्रीकांत"** has published article titled **"गिरीश कर्नाड के नाटकः मिथकीय एवं लोक कथा पर आधारित आधुनिक स्त्री-पुरुष संबंधों की व्याख्या (' ययाति'और 'हयवदन' के विशेष संदर्भ में)"**.

Details of Published Article as follow:

Volume	:	**7**
Issue	:	**5**
Year	:	**2021**
Page Number	:	**108-110**
Certificate No.	:	**7-6-32**
Published Date	:	**28-10-2021**

Regards
International Journal of Hindi Research
www.hindijournal.com
Email: hindi.manuscript@gmail.com

International Journal of Hindi Research
www.hindijournal.com
ISSN: 2455-2232
Received: 28-09-2021, Accepted: 14-10-2021, Published: 28-10-2021
Volume 7; Issue 5; 2021; Page No. 108-110

गिरीश कर्नाड के नाटकः मिथकीय एवं लोक कथा पर आधारित आधुनिक स्त्री–पुरुष संबंधों की व्याख्या ('ययाति'और 'हयवदन' के विशेष संदर्भ में)

एन एम श्रीकांत
सहायक आचार्य, हिंदी विभाग, पय्यनूर कॉलेज, पय्यनूर, केरल, भारत

सारांश
गिरीश कर्नाड भारतीय नाट्य जगत में पौराणिक एवं मिथकीय आयामों को आधार बनाकर आधुनिक स्त्री–पुरुष संबंधों का गहरा चित्रण अपने नाटकों में करते हैं। वर्तमान समय में स्त्री पुरुष संबंधों पर विचार करना अनिवार्य है। समाज में संतुलित अवस्था बनाए रखने के लिए स्त्री एवं पुरुष का समान रूप से आगे बढ़ना जरूरी है। आधुनिक समाज में पूर्णता की तलाश में भटकते हुए लोग अनेक प्रकार के अंतर्द्वंद्व एवं संघर्ष का सामना करते हैं। इन अंतर्द्वंद्वों के कारण स्त्री एवं पुरुष के संबंधों पर गहरा बदलाव आया है। करनाड जी अपने नाटकों की सहायता से आधुनिक समाज के अंतर्द्वंद्व को व्यक्त करते हैं। अपने नाटकों में ऐतिहासिक पौराणिक एवं मिथकीय संदर्भों की सहायता से आधुनिक स्त्री पुरुष संबंधों की व्याख्या करते हैं। करनाड जी अपने नाटकों की सहायता से स्त्री पुरुष के आंतरिक संघर्षों, तनावों एवं यौन संबंधों की विडंबनाओं को प्रस्तुत करते हैं। प्रस्तुत आलेख में उनके नाटक ययाति और हयवदन की सहायता से मिथकीय एवं लोक कथा के आधार पर आधुनिक स्त्री पुरुष संबंधों की व्याख्या का अध्ययन करने का प्रयास किया है पर है।

मूलशब्दः 'ययाति'और 'हयवदन', आधुनिक स्त्री–पुरुष संबंधों की व्याख्या

प्रस्तावना

गिरीश कर्नाड ने कन्नड़ नाट्य जगत की पुरानी मान्यताओं को तोड़कर आधुनिक जीवन की विचारधारा को स्थापित करने का प्रयास किया है। उनके नाटकों में ऐतिहासिक एवं पौराणिक या मिथकीय आयामों को आधार बनाकर और समसामयिक जीवन की समस्याओं विशेषकर स्त्री–पुरुष संबंधों पर आधारित नाट्य रचना अंत्यत विवादस्पद एवं चर्चित रही है। जयदेव तनेजा के अनुसार– "अपने वर्तमान समय, समाज, और सरोकारों–समस्याओं को समझने तथा नाट्य के रूप में प्रभावशाली ढंग से प्रस्तुत करने के लिए महाभारत, पुराण, इतिहास, जातक एवं लोककथाएँ आरंभ से ही गिरीश कर्नाड को आकर्षित और प्रेरित करती रही हैं। मानवीय और विशेषतः स्त्री–पुरुष संबंधों का रहस्यमय तिलिस्मी संसार उनके नाटकों का केंन्द्रीय विषय रहा है। [1]" गिरीश कर्नाड का यह प्रखर व्यक्तित्व ही उनको उनके समकालीन कन्नड़ नाटककारों से अलग विशेष स्थान दिलाता है। आधुनिक जीवन में स्त्री एवं पुरुष एक–दूसरे के प्रति भिन्न दृष्टिकोण रखते हैं। स्त्री पुरुष में अपनी आस्था खो बैठी है। उसे लगता है कि पुरुष ने न केवल उसे उसके अधिकारों से वंचित रखा है बल्कि उसे मानव होने का दर्जा तक नहीं दिया है। फिर चाहे वह पिता हो, पति हो, बेटा हो या भाई। समय के साथ–साथ स्त्री–पुरुष के प्रेम संबंधों में परिवर्तन आया है। वैवाहिक संबंधों के पौराणिक मूल्य टुटने लगे हैं। पति–परमेश्वर का दृष्टिकोण बदल गया है। पुरुष (पति) एवं स्त्री (पत्नी) के बीच विवाहेत्तर संबंध बढ़ने लगे हैं। भाई–बहन, माँ–बेटे, ससुर–बहू, पिता–पुत्री आदि के रिश्तों में अनेक बदलाव दृष्टिगोचर हुए हैं जिनको गिरीश कर्नाड अपने नाटकों की सहायता से दर्शकों के सामने रखते हैं। डॉ. जयदेव तनेजा के अनुसार "इन संबंधों में भी सामान्य और साधारण की अपेक्षा निषिद्ध एवं वर्जित संबंधों और अगम्यागमन के असामान्य रिश्ते गिरीश को अधिक दिलचस्प और सम्मोहक लगते हैं।[2]"

'ययाति' गिरीश कर्नाड का पहला पौराणिक नाटक है। यह नाटक महाभारत के एक प्रसंग पर आधारित है। ययाति एक शक्तिशाली राजा है जिसका विवाह देवयानी से होता है लेकिन शर्मिष्ठा से भी उनका रहस्य संबंध स्थापित हो जाता है।

ययाति जीवन भर कामुकता के पीछे भागता रहता है। अपने बुढ़ापे से पुनः जवानी में आने के बाद भी वह यौन संबंधों से तृप्त नहीं होता। आधुनिक समाज में स्त्री एवं पुरुष में तनाव तथा संघर्ष पैदा होने का मूल कारण अपने दायित्वों से किनारा कर एक–दूसरे पर जिम्मेदारी आरोपित करना ही है। पति का यौवन नष्ट होने पर पुरु की पत्नी चित्रलेखा बहुत दुःखी होती है। वह अपने ससुर से कहती है कि यौवन के साथ–साथ उसे पुरु से संबंधित सब कुछ स्वीकारना पड़ेगा। यहाँ तक कि चित्रलेखा के शरीर को भी। साथ ही वह पूर्वजों के बनाए सभी नियमों को तोड़ कर ययाति द्वारा स्वयं को पत्नी रूप में स्वीकार सुख प्रदान करने को कहती है–

> "चित्रलेखाः (मुस्कुराकर) मैंने जब पुरुराज का वरण किया तब मुझे उनका परिचय नहीं था। मैंने वरण किया था, उनके तारूण्य को, मेरे गर्भ में चंद्रवंश की वृद्धि करने वाले पौरुष को। उन सबको आपने चूस लिया। अब उन्हें चलने के लिए भी सहारा चाहिए। आँखे दीये की रोशनी सहन नहीं कर सकती। मैने जिन गुणों का वर्णन किया था अब एक भी उनमें नहीं है, पर वे सब गुण आपमें अब भी हैं।[3]

वास्तव में, मनुष्य मात्र ही दुख और द्वन्द्व का वह कंकर है जिसमें निरंतर आर्त्त पुकार मची रहती है। चित्रलेखा एक आधुनिक स्त्री है जो समाज द्वारा नियमित नीतियों का विरोध करती है और मानती है कि व्यक्ति को अपने सुख की परवाह करनी चाहिए। उसे पुर्वजों के नैतिक नियमों को धारण करना स्वीकार्य नहीं है। भारतीय समाज में ससुर–बहू के संबंध को निषिद्ध माना गया है। वह समाज द्वारा स्वीकार्य संबंध नहीं है। गिरीश कर्नाड 'ययाति' में प्राचीन और नवीन मान्यताओं के मध्य स्त्री–पुरुष संबंधों में उभरे दुसरे द्वन्द्व का अभिव्यक्त करते हैं। ययाति नाटक के नारी पात्र कहीं पर भी अपनी परिस्थितियों के खिलाफ लड़ते हुए दिखाई नहीं देते सिवाय चित्रलेखा के। देवयानी एवं शर्मिष्ठा

Education and Society
(शिक्षण आणि समाज)

Special Issue
UGC CARE Listed Journal
ISSN 2278-6864

Education and Society

Since 1977

The Quarterly dedicated to Education through Social Development and Social Development through Education

March 2023

(Special Issue-1/ Volume-II)

INDIAN INSTITUTE OF EDUCATION

128/2, J. P. Naik Path, Kothrud, Pune - 411 038

Education and Society
(शिक्षण आणि समाज)

Special Issue
UGC CARE Listed Journal
ISSN 2278-6864

Education and Society

Since 1977

The Quarterly dedicated to Education through Social Development And Social Development through Education

Special Issue on the theme of

"Towards Zero- For a Sustainable Tomorrow"

March 2023

(Special Issue-1/ Volume-II)

Indian Institute of Education
J. P. Naik Path, Kothrud, Pune- 38

अनुक्रमणिका-Content

1. महामारी के परिप्रेक्ष्य में वैश्विक दृष्टि और साहित्य
डॉ. हेरमन पी. जे. 11

2. बेहतर दुनिया की प्रेरक कहानियाँ
डॉ. पी. प्रिया 15

3. ज़मिला केरकेट्टा की कविताओं में विश्वदृष्टि: संदर्भ 'ईश्वर और बाज़ार'
डॉ. शहला के पी 20

4. साहित्य, प्रतिबद्धता और विश्वदृष्टि
डॉ. एस. एम. श्रीकांत 28

5. महिला सशक्तिकरण और पहचान के संकट का उपन्यास 'कब्र'
मुनीर ओ के और डॉ. शहला के पी 31

6. 'किनिर' में आदिवासी जीवन और संघर्ष
शरद कुमार झारिया 37

7. आदिवासी लोक कथाओं में विश्वदृष्टि
अश्विना पी 44

8. फणीश्वर नाथ रेणु के आँचलिक उपन्यास में राष्ट्रीयता
जमीला ए के 49

9. समकालीन हिंदी-मलयालम महिला कहानीकारों की कहानियों में स्त्री अस्मिता एवं विश्वदृष्टि की पहचान
श्रुतीमोल एम के 53

साहित्य, प्रतिबद्धता और विश्वदृष्टि

डॉ. एन. एम. श्रीकान्त

सहायक आचार्य, हिंदी विभाग, पय्यनूर कॉलेज, पय्यनूर, कण्णूर विश्वविद्यालय, कण्णूर, केरल

मनुष्य एक सामाजिक प्राणी है। सामाजिकता के साथ-साथ वह एक भाषिक प्राणी भी है। वह अपना सामाजिक संबंध, आत्मबोध एवं जगत-बोध, ज्ञान की प्रक्रिया, भाषा के माध्यम से करता है। मैनेजर पांडेय लिखते हैं – "मनुष्य प्रकृति, परिवार, समाज और संसार का ज्ञान भाषा के माध्यम से ही प्राप्त करता है। मनुष्य अनुभव, भाव और ज्ञान का अर्जन, सर्जन और अभिव्यंजन भाषा के माध्यम से ही करता है।"[1] सर्जना ही साहित्य की मूल प्रवृत्ति है जो भाषा के माध्यम से साध्य बनता है क्योंकि समाज के विकास में भाषा का महत्वपूर्ण स्थान है। समाज पर साहित्य काफी गहरा प्रभाव है। साहित्य मनुष्य को उसकी सीमाओं से उठाकर उसके हृदय का विस्तार करता है। मनुष्य में निहित दमित भावनाओं को वह अभिव्यक्ति के माध्यम से बाहर कर उसके हृदय को मुक्त कराता है। आचार्य रामचंद्र शुक्ल ने साहित्य को 'हृदय की मुक्तावस्था'[2] कहा है। हृदय की मुक्तावस्था हृदय का विस्तार है और यह सार्वभौमिक सत्यों का उद्घाटन है। सार्वभौमिक सत्यों का उद्घाटन कवि या पाठक में विश्वदृष्टि को जन्म देती है। भक्ति काव्य पर अपने विचार प्रकट करते हुए मैनेजर पांडे लिखते हैं – "भक्ति हृदय का धर्म है हृदय के धर्मों में सर्वाधिक व्यापक उदात्त और माननीय धर्म प्रेम है।... वह मनुष्य को कुल, जाति, धर्म, संप्रदाय आदि की सीमाओं से ऊपर उठाता है और हर तरह की सत्ता के भय से मुक्त करता है।"[3] मुक्त करना या मानव जन्य समस्त सीमाओं से ऊपर उठाने का कर्म साहित्य करता है। इसीलिए साहित्य मनुष्य को उसके द्वारा निर्मित समस्त मलिनता से दूर कर उसे मानवीयता के नींव तक ले जाता है उसमें प्रकाश लाता है। प्रेमचंद लिखते हैं-"साहित्यकार का लक्ष्य केवल महफ़िल सजाना और मनोरंजन का सामान जुटाना नहीं है। वह देश भक्ति और राजनीति के पीछे चलने वाली सच्चाई की नहीं बल्कि उनके आगे मशाल दिखाती हुई चलने वाली सच्चाई है।"[4] इससे यह स्पष्ट है कि साहित्य सिर्फ एक मनोरंजन का वस्तु नहीं बल्कि वह एक विशेष लक्ष्य को अपने साथ लेकर चलता है और वह दूसरों के लिए मशाल बनता है। मशाल बनना अपने आप में अपनी प्रकृति के प्रति, समाज के प्रति उसकी प्रतिबद्धता है। कवि या साहित्यकार अपनी प्रकृति, अपने समाज और अपने समय के प्रति प्रतिबद्ध होते हैं। यह प्रतिबद्धता मनुष्य में विश्वदृष्टि का उद्घाटन भी करती है। हजारीप्रसाद द्विवेदी लिखते हैं- "मैं साहित्य को मनुष्य की दृष्टि से देखने का पक्ष पाती हो जो बाजार मनुष्य को दुर्गति हीनता और परमुखापेक्षता से बचा न सके, जो उसकी आत्मा को तेजोदीप्त न बना सके, जो उसके हृदय को पर-दुख कातर और संवेदनशील न बना सके, उसे साहित्य कहने में मुझे संकोच होता है।"[5]

सदियों से कविता समाज में दमित एवं शोषित वर्ग का प्रतिनिधित्व करती आई है। कविता पक्ष का पक्ष नहीं बल्कि विपक्ष का पक्ष लेती है। यह पक्षधरता भक्तिकालीन कवियों से लेकर समकालीन कवियों तक देख सकते हैं अब चाहे वह कबीर, निराला, मुक्तिबोध या धूमिल हो। निराला लिखते हैं - "मैंने 'मैं' शैली अपनायी / देखा एक दुखी निज भाई / दुख की छाया पड़ी हृदय में मेरे / झट उमड़ वेदना आयी।"[6] कविता व्यक्तिगत 'मैं' की बात नहीं करती बल्कि अपने सहजीवियों के साथ अपने संबंध को जोड़कर एक सार्वभौमिक दृष्टि या सामाजिक 'मैं' को जन्म देती है। धूमिल ने भी अपनी पंक्तियों के माध्यम से कवि या कविता की पक्षधरता का बोध कराया है- "कविता शब्दों की अदालत में अपराधियों के कटघरे में खड़े / एक निर्दोष आदमी का हलफनामा है।"[7] कविता की यही प्रतिबद्धता उसे सामान्य से